UP Board Class 7 Science Notes Chapter 20 वायु

वायु प्रदूषण- वायु के अंदर अनावश्यक गैसों का बढ़ जाना वायु प्रदूषण कहलाता है। ऑक्सीजन की कमी होने की वजह से हमें सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। हानिकारक गैसें हमारे शरीर में जाने लगती है और हमें बीमार कर देती है। जो पदार्थ वायु को प्रदूषित करते हैं, **वायु प्रदूषक** कहलाते हैं। उदाहरण:- वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड होता है जो हमारे शरीर के लिए हानिकारक है।

कुछ गैसे हमारी ओजोन परत को तोड़ देती हैं जो हमारी पृथ्वी को सूर्य की पराबैंगनी किरणों से बचाती है। CFC क्लोरोफ्लोरोकार्बन गैस से ओजोन परत में छेद हो गया। इसके बाद क्लोरोफ्लोरोकार्बन गैस पर रोक लगाई गई जिसको रेफ्रिजरेटर और ए०सी० में इस्तेमाल किया जाता था।